सार-समाचार

रामस्नेही संत की कथा में उमड़े लोग

शाहपुरा, (निस)। श्रीदेवनारायण एंव चारभुजानाथ भागवत समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा और नानी बाई का मायरा एंव तुलसी विवाह का आयोजन देवनारायण मन्दिर अरणियाघोडा(शाहपुरा) मे चल रही कथा मे कल रात्रि को कथा वाचक रामस्नेही संत अर्जुन राम महाराज ने नानी बाई के मायरा मे भक्त नरसी मेहता द्वारा भगवान को समर्पित मायरे की अर्जी को स्वीकार कर अपने भक्त का मान रखने के लिए अपनी रानियो समेत मायरा भरने की सामर्गी इकट्ठा करने लगे सभी सामर्गी को रथो और बैलगाडियो मे भर कर चले अंजार नगर में पंहुच कर नरसी जी से भेंट कर नानी बाई से मिलकर सांत्वना देते हुए भरोसा दिलाया की संसार में जब जब जिस जिस सच्चे भक्तो द्वारा साफ हर्दय से मुझे पुकारा है उसका वह कार्य हमने पुरा किया है। सांवरिया सेठ द्वारा अपनी रानियों समेत अंजार नगर पंहुच कर वंहा के नगर वासियो व बारातियों को भर भर कर मायरा दिया जो छप्पन करोड का हुआ। कथा आयोजक रामस्वरुप, गणेशकुमार, कृष्णगोपाल,बालकृष्ण मालू परिवार आमलीकंला वालो ने सभी भक्तो का स्वागत किया। कथा में आज पिर्यर्वत नाभि महाराज का चरित्र के साथ ही रिषभ देव अवतार भरत चरित्र का वर्णन करते हुए पितृ धर्म के बारे मे बताया कथा वाचक अर्जुन राम महाराज ने बताया की माता पिता का कर्तव्य है की अपनी संतान को अच्छे संस्कार दे मानवता एंव मनुष्य जन्म की महत्वता समझाते हुए अपने धर्म की संस्कृति की शिक्षा घर पर ही देवें।

डंपर की टक्कर से बाइक सवार घायल

मसूदा, (निस)। मसूदा के निकटवर्ती शेरगढ रोड पर डम्पर ने एक बाइक को टक्कर मार दी। बाईक पर सवार दो युवक बुरी तरह घायल हो गए। वहीं राहगीरों ने 108 की सहायता से मसूदा चिकित्सालय पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर अवस्था मे रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजयनगर निवासी रोहित व उसका भाई धर्मराज दोनों अपने गांव बिजयनगर जा रहे थे। तभी सामने से तेज गति से आ रहे ड्म्पर ने बाइक को टक्कर मार दी । जिससे दोनों भाई करीब 10 फिट तक गसीटते हुवे रोड़ के समीप गिर गए ।जिसको राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस चालक रामचंद्र व कम्पाउंडर अनुज शर्मा की सहायता से मसूदा चिकित्सालय पहुंचाया। जहां पर मौके पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में घायल का प्राथमिक उपचार किया। घायल की हालत गंभीर होने के कारण डाक्टर ने अजमेर जिला चिकित्सालय उपचार के लिए रेफर कर दिया।

नौतपा की गर्मी से राहत का प्रयास

ब्यावर (निसं) नौतपा का कहर जारी है। हालांकि इस बार गर्मी शुरू होने के साथ ही बेमौसम की बारिश ने कुछ दिनों तक राहत दे दी थी। आसपास के क्षेत्र की भी बारिश ने हवा को ठंडी करते हुए मौसम के मिज़ाज़ को ठंडा किया। हालांकि बारिश का जल्दी शुरू होना मानकर कूलर और एसी बेचने वाले व्यापारियों के दिलो की धड़कने तेज़ हो गई थी। लेकिन नौतपा की गर्मी से परेशान होकर आने वाले ग्राहकों को देख उन्होंने भी रहत की सांस ली। दोपहर के समय तो पूरा बाज़ार ही खाली नज़र आने लगा है। रेलवे स्टेशन,बस स्टेण्ड के अलावा पुरे शहर में सामाजिक संगठनों द्वारा अलग अलग स्थानों पर ठन्डे पानी की व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाया भी जा रहा है। इन सभी बातो से बेखबर नन्हे मुन्नो ने भी गर्मी से राहत पाने का आखिर तरीका खोज ही डाला।हर गली मोहल्ले में तेज़ धुप और गर्मी से बेपरवाह होकर आसपास लगे हेण्डपम्पों पर एक दूसरे को नहलाकर गर्मी से बचाव करते बच्चों को देखा जा सकता है।

ए.ई.एन.ने दर्ज करवाया केस

अजमेर, (कासं)। जल संसाधन विभाग की पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है। इससे क्षेत्र की वाटर सप्लाई बाधित हुई तो इसका पता चला। सहायक अभियंता ने कुछ लोगों के खिलाफ सरकारी सम्पति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में क्रिश्चयनगंज थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। फ्रेन्ड्स कॉलोनी वैशाली नगर अजमेर निवासी जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता उत्तम माथुर ने रिपोर्ट देकर बताया कि शाम को राजीव कॉलोनी की सप्लाई के दौरान कुछ व्यक्तियों द्वारा कॉलोनी में सप्लाई दी जाने वाली 100 एमएम डीआई पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया। पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त करने के कारण कॉलोनी की सप्लाई बाधित हो गई। जानकारी लेने पर पता चला कि बबलू छगन गुर्जर की पत्नी ने अपने साथियों के साथ पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे सरकारी सम्पति को नुकसान हुआ और वाटर सप्लाई बाधित हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिव महापुराण कथा 5 से

पुष्कर, (निस)। धार्मिक नगरी पुष्कर के मेला मैदान में देश के जाने माने कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा आगामी 5 से 11 जुलाई तक भव्य श्री शिव महापुराण की कथा की जाएगी। एक सप्ताह तक चलने वाले इस आयोजन में देशभर के लाखों श्रद्धालु भक्त पुष्कर पहुंचकर कथा का श्रवण लाभ लेंगे। अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन अजमेर के तत्वावधान में मुख्य यजमान कैलाश जी अमित कुमार खंडेलवाल द्वारा आयोजित की जा रही इस शिव कथा के सफल आयोजन के लिए आज समिति के पदाधिकारियों द्वारा सबसे पहले सिद्ध भटबाय गणेश मंदिर पर पूजा अर्चना कर उन्हें कथा के लिए आमंत्रण दिया गया । इसके पश्चात स्थानीय ब्रम्ह घाट पर पवित्र सरोवर के जल में दुग्धाभिषेक भी किया गया।

महेश जयंती महोत्सव का आगाज आज

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। माहेश्वरी समाज किशनगढ़ शहर द्वारा महेश जयंती पर 25 मई से 29 मई तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। अध्यक्ष घनश्याम मूंदड़ा ने बताया कि महेश जयंती के अवसर पर महिला मंडल एवं युवा संगठन की और से बोल रेस, ड्राइंग, पार्सल गेम, बोरी रेस, शतरंज, मेंढक रेस, बिना आच के व्यंजन, सुई धागा रेस, शर्ट बैलून रेस, कैरम, कॉइन प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस, नृत्य, क्रिकेट सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। 27 मई को सांस्कृतिक संध्या, 28 को रात्रि 8 बजे भजन संध्या, 29 मई को प्रात: 7 बजे भगवान महेश की शोभायात्रा के तत्पश्चात समाज की प्रतिभाओं का सम्मान होगा।

12 वीं कला एवं वरिष्ठ उपाध्याय का परिणाम आज

अजमेर, (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वर्ष 2023 की सीनियर सैकण्डरी कला वर्ग एवं वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा का परिणाम कल गुरूवार को दोपहर 3.15 बजे घोषित किया जायेगा। बोर्ड की सचिव मेघना चौधरी ने बताया कि शिक्षामंत्री बी.डी. कल्ला जयपुर स्थित शिक्षा संकुल में परीक्षा परिणाम की घोषणा करेंगे। उन्होंने बताया कि सीनियर सैकण्डरी कला वर्ग में 7 लाख 19 हजार 838 और वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा के लिए 56 हजार 14 परीक्षार्थी पंजीकृत किये गये है। बोर्ड का यह परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

भंवर सिंह चारण पहुंचे सरवाड़

सरवाड़, (निस)। नगर पालिका परिसर में अधिशासी अधिकारी कक्ष में संभाग पर्यवेक्षक भंवर सिंह चारण की अध्यक्षता में प्रशासन शहरों के संग अभियान व महंगाई राहत कैंप के दौरान कैंप की प्रकृति की बैठक आयोजित कर समीक्षा की गई एवं कैंप के दौरान प्राप्त आवेदनों को समय पर निस्तारण करने हेतु कनिष्ठ अभियंता को निर्देशित दिए। इस दौरान आमजन को पर्यवेक्षक व कनिष्ठ अभियंता द्वारा महंगाई राहत में गारंटी कार्ड वितरण भी किए गए। इस मौके पर पार्षद अतीक तंवर कनिष्ठ अभियंता देशराज मीणा अर्जुन सिंह रईस खान गोरी गोपाल माली गोविंद सिंह भाटी संदीप सेवता भंवर लाल सेन आदि उपस्थित रहे।

प्रेस क्लब के सदस्यों को शपथ दिलाई

मेड़ता सिटी, (नि.सं.)। अमृत सिंघवी जैन भवन में मेड़ता प्रेस क्लब की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह का आगाज पंडित रामकृपाल शास्त्री के विधिवत मंत्रोचार के साथ उपस्थित अतिथियों द्वारा सरस्वती की फोटो पर माला एवं दीप प्रज्ज्वलित के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मदन लाल भाटी ने प्रेस क्लब के नव निर्वाचित अध्यक्ष सुशील दिवाकर एवं समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाई। इस अवसर पर न्यायाधीश भाटी ने कहा कि पत्रकार खुफिया तरीके से निगरानी करता है और समाज के सामने सच्चाई रखता है।

स्थापना दिवस पर चर्चा की

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। मां भारती रक्षा मंच की बैठक में आगामी 2 जून को माहेश्वरी पंचायत भवन में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ स्थापना दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। मुख्य वक्ता ब्यावर परियोजना प्रमुख पृथ्वीसिंह भोजपुरा होंगे।

जो कार्य 60 वर्षों में नहीं हो पाए, वो मोदी सरकार के 9 वर्ष में हुए : भूतड़ा

ब्यावर, (निसं) अजमेर रोड स्थित श्री होटल में भारतीय जनता पार्टी की और से एक प्रेस वार्ता का आयोजन रखा गया। लम्बे समयांतराल के पश्चात आज शहर के दोनों दिग्गज देहात अध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा और विधायक शंकर सिंह रावत नज़र आये। यानी मोदी के अजमेर आगमन से पूर्व सबसे बड़ा बदलाव ब्यावर शहर की भाजपा पार्टी में ही देखने को मिला।

पत्रकारों ने पूछा की क्या ये मिलाप पक्का है तो विधायक ने भूतड़ा का हाथ हाथ में लेकर कहा की किसी की नज़र नहीं लगे तो पक्का ही है। उन्होंने यह भी कहा की आईन्दा भाजपा के हर कार्यक्रम में दोनों टीम एक साथ ही नज़र आएँगी। भूतड़ा ने कहा की भारत मे बदलाव की कहानी लिखने वाले नव भारत के निर्माता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 31 मई 2023 को सम्राट पृथ्वीराज की नगरी में आने पर भव्य व ऐतिहासिक स्वागत हेतु कायड़ में आज तक की सबसे विराट जनसभा होगी।

भारतीय जनता पार्टी अजमेर देहात के जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक देवीशंकर भूतड़ा ने आज प्रेस वार्ता में कहते हुए कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में "9 वर्ष बेमिसाल है" जो कार्य 60 वर्षों में नही हुऐ वो 9 वर्ष में हुए है।जिलाध्यक्ष भूतड़ा ने कहा कि आजादी के बाद गांव, गरीब, किसान का घर रोशन होते हुए उस का हक मिला है। जिनके कार्यकाल में गंदगी मुक्त भारत, पोषण मुक्त भारत, आंतकवाद व अलगाववाद मुक्त भारत की कल्पना साकार हुई है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में भारत की सांस्कृतिक जड़ों का विकास हुआ है।

ब्यावर में अजमेर रोड स्थित श्री होटल में भारतीय जनता पार्टी ने एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया।

पहली बार आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर अमृतकाल में कई आयाम स्थापित किये है जिनका देश पिछले कई वर्षों से इंतजार कर रहा था। राम मंदिर का विषय हो चाहे धारा 370 हो। देश में गुलामी के प्रतीक चिन्हों को हटाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने किया है

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 9 वर्ष के कालखंड में रेलवे के क्षेत्र, रोड, सिविल, हेल्थ, एजुकेशन, रूरल एवं अर्बन में अभूतपूर्व काम हुआ। मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता है यह दुनिया स्वीकार कर रही है और इसकी गूंज विश्व मे भी सुनाई दे रही है। इस कारण विश्व के अनेक देश प्रोटोकॉल तोड़ कर भी मोदी जी का भव्य स्वागत भारतीय संस्कृति से जब करते है तो हर देशवासी का सीना गर्व से फूल जाता है। ऐसी गौरव गाथा लिखने वाले मा. मोदी जी के 9 वर्ष पर सम्पूर्ण राजस्थान की जनता अजमेर में ऐतिहासिक व अस्मर्णीय स्वागत को आतुर है यह हमारा सौभाग्य है कि यह ऐतिहासिक कार्यक्रम अजमेर के पुष्कर विधानसभा के कायड़ में हो रहा है जिसके हम सब साक्षी बनेंगें।

प्रेस वार्ता के अवसर पर स्थानीय विधायक शंकरसिंह रावत ने भी सम्बोधित करते हुए मोदी सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए बताया कि गरीब कल्याण योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना व किसान निधि से आमजन को फायदा पहुचाया तो आज देश आत्मनिर्भर भारत बन कर सुरक्षित है।

प्रेस वार्ता में सभापति नरेश कनोजिया, जिलामंत्री करणसिंह रावत, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष चेतन गोयर, मण्डल अध्यक्ष डूंगरसिंह रावत, मुकेश गोयर, शिवप्रकाश सामरिया, दिलीप शर्मा, विजय दगदी, जितेंद्र ठठेरा आदि मौजूद रहे।

पृथ्वीराज चौहान जन्मोत्सव की तैयारी जोरों पर

ब्यावर, (निसं) सम्राट पृथ्वीराज चौहान जन्मोत्सव समारोह समिति द्वारा 28 मई को समापन पर आशापुरा माता धाम में होने वाली जनसभा के लिए समिति के पदाधिकारियों ने आज सूरजपोल गेट स्थित बजरबट्टू गणेश जी मंदिर में विनायक जी एवं कालिका माता जी को आमंत्रित किया।

कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को जनता को आमंत्रित करने के लिए जिम्मेदारी सौंपी। समिति के संयोजक विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष नितेश गोयल, गोपाल सिंह रावत, परियोजना प्रमुख लक्ष्मी नारायण, सहप्रमुख पृथ्वी सिंह भोजपुरा, विभाग मंत्री सुरेश वैष्णव, समिति अध्यक्ष पूरण सिंह रावत, सह संयोजक गणपत बालोटिया, एडवोकेट लक्ष्मण सिंह पंवार, अभिषेक सिंह चौहान, युवा प्रमुख विक्रान्त सिंह रावत, कार्यक्रम प्रमुख सूरज प्रताप सिंह राजियावास, महेंद्र सिसोदिया उपस्थित रहे। समिति के युवा प्रमुख विक्रान्त सिंह रावत ने बताया कि आशापुरा माता धाम में 28 मई रविवार प्रातः 10 बजे जनसभा में मगरे क्षेत्र के प्रमुख संतो के सानिध्य में मुख्य अतिथि रक्षा मंत्री भारत सरकार राजनाथ सिंह, विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार अध्यक्षता, कुमारी दीया कुमारी सांसद राजसमन्द आदि मौजूद रहेंगे।

महेश नवमी महोत्सव में माहेश्वरी पंचायत बोर्ड के कार्यक्रम जारी

ब्यावर, (निसं) श्री माहेश्वरी पंचायत बोर्ड, द्वारा मनाए जा रहे 7 दिवसीय महेश नवमी महोत्सव- 2023 के तहत दिनांक 23 मई की देर रात बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न हुई।

मुख्य संयोजक विट्ठल राठी ने बताया की पुरुष सीनियर वर्ग एकल में सुमित गांधी विजेता व तुषार गांधी उपविजेता, सीनियर युगल वर्ग में तुषार गांधी- कनक गांधी विजेता तथा आकर्ष मूंदड़ा- केशव लड्ढा उपविजेता रहेसह संयोजक कृष्णा भूतड़ा ने बताते हुए कहा कि महिला सीनियर वर्ग में शोभा सोमानी प्रथम व वर्षा मालपानी द्वितीय रही महिला डबल्स में प्रथम शोभा सोमानी-इंदु काबरा व द्वितीय वर्षा मालपानी-राजश्री चितलांग्या की जोड़ी रही।पंचायत बोर्ड मंत्री पुरुषोत्तम जाजू ने बताया की तत्पश्चात दिनांक 24 मई को प्रात: 6 बजे इनबॉक्स गेम एंड जोन, रिको हाउसिंग, अजमेर रोड पर आरंभ हुई, जो बालक वर्ग के जूनियर व सीनियर वर्ग में खेली गई।

ब्यावर में श्री माहेश्वरी पंचायत बोर्ड की ओर से 7 दिवसीय महेश नवमी महोत्सव- 2023 के तहत कई आयोजन हो रहे हैं।

जूनियर वर्ग में विजेता टीम में नुकुल झंवर,संचित बल्दुआ, केशव सोमानी, मनन ईनाणी, धैर्य बाहेती एवं उपविजेता टीम में अनमोल गांधी, विहान झंवर, हार्दिक भारडिया, लक्षित सोमानी रहे।क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न करवाने में कुलदीप भूतडा, अनिल सोमानी,अंकुर काबरा,अक्षय मालू,रवि राठी, श्रीकांत बजाज, आशीष झँवर, राहुल धूत,गौरव भूतडा, सुमित गाँधी,चिराग़ बंग, पुनीत टवाणी, कुश मूंदड़ा राहुल धूत का सहयोग रहा। पाली बाजार स्थित माहेश्वरी भवन में माहेश्वरी महिला परिषद की अध्यक्षा सुलक्ष्मी तोषनीवाल व मंत्राणी ज्योति माहेश्वरी एवं कार्यकारिणी सदस्यो के नेतृत्व में अपरान्ह 2 बजे महिला कार्यक्रम आरंभ हुई, जिसमे विभिन्न आंगन सजाओ प्रतियोगिताओं को समहित किया गया मांडना प्रतियोगिता में प्रथम कुसुम मालू, द्वितीय शोभा टवानी तृतीय सुशीला झंवर अनाज से रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम सलोनी नवाल व शिल्पा भूतडा द्वितीय प्रीति सारडा, तृतीय प्रीति सारडा व सुनीता मांधना रही।

आशु भाषण प्रतियोगिता में कमलेश झंवर मंजू भूतडा, सुशीला झंवर को पुरस्कृत किया गया। निर्णायक में डा रत्न शर्मा, रेणु सक्सेना, प्रियंका खंडेलवाल रही।

महिला कार्यक्रम के अंत में मनोरंजक खेल प्रतियोगिताएं हुई जिसमे सुमन नवाल, मोनिका तोषनीवाल, संगीता जैथलीय, मनीषा बाहेती, मनीषा जाजू, विनीता मूंदड़ा,सुमित्रा जैथलिया, रेणु मालू,कविता बजाज,कांता झंवर,मंजू काबरा, नीतू राठी, शोभा सोमानी, कमलेश झंवर, के साथ अन्य समाज की सभी महिलाओं ने भाग लिया।पंचायत बोर्ड अध्यक्ष सुनिल मूंदडा ने बताया की आज दिनांक 25 मई को प्रात: 8 बजे विजयनगर रोड स्थित माहेश्वरी बगीची में ध्वजारोहण व शिव भगवान की पूजा अर्चना कार्यक्रम होगा जिसमें समाज के समस्त बुजुर्गो का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया जाएगा तथा रात्रि में सुंदरकांड पाठ का आयोजन चांग चितार रोड स्थित छात्रावास में होगा।

केकड़ी में खजान सिंह के कार्यालय का उद्घाटन

केकड़ी, (निस) केकड़ी जिले के लिए प्रथम आईएएस अधिकारी और राज्य सरकार से नियुक्त विशेषाधिकारी खजान सिंह के नगर पालिका परिसर में स्थित कार्यालय का केकड़ी विधायक डॉक्टर रघु शर्मा ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में विशेषाधिकारी खजान सिंह को डॉ. रघु शर्मा ने नियुक्ति पर बधाई और शुभकामनाएं दी। सिंह का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए डॉ. रघु शर्मा ने कहा कि " राजस्थान के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केकड़ी को इस बजट में नया जिला बनाया है। मैं समझता हूं... "केकड़ी के लिए 17 मार्च का दिन" जब बजट में जिले की घोषणा हुई, वो दिन हमारे लिए ऐतिहासिक और स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। जो नए जिले बने हैं उनमें बहुत कम समय में विशेषाधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं। मिनी सचिवालय भवन बनने में अभी समय लगेगा, लेकिन तब तक विधिवत रूप से जिले का काम शुरू हो जाए और जिला स्तर के ऑफिसों को आईडेंटिटी करने के लिए केकड़ी में खजान सिंह जी को विशेषाधिकारी लगाया गया है।

आज उन्होंने विधिवत अपने चेंबर में बैठकर काम शुरू किया है। आने वाले समय में जब नोटिफिकेशन जारी होगा। तत्काल बाद कलेक्टर,एसपी और जिला स्तर के अधिकारी अपना काम शुरू कर देंगे। जब तक भवन बनेगा तब तक जिले का काम वैकल्पिक व्यवस्था में चलेगा। उन सारी व्यवस्थाओं का चयन हमारे स्थानीय एडमिनिस्ट्रेशन के साथ मिलकर खजान सिंह जी करेंगे। यह केकड़ी के लिए नई शुरुआत है। आने वाले 5 से 10 सालों में केकड़ी का नक्शा बदल जाएगा। नया जिला जब बनता है तो हजार-पंद्रह सौ करोड़ सालाना खर्च होते हैं। जिससे रोजगार,शिक्षा, विकास के आयाम विस्तृत हो जाते हैं। बहुत जल्द ही नोटिफिकेशन जारी होगा। मैं खजान सिंह जी को शुभकामनाएं देता हूं कि उनके नेतृत्व में केकड़ी जिला तेजी से आगे बढ़ेगा।

जो लोग एडीएम के सीमांकन को जिले से जोड़कर देख रहे हैं, वो उनकी भूल है। नए सिरे से सीमांकन पर काम चल रहा है।

डॉ रघु शर्मा ने नगरपालिका परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बिना बात धरना, इधर-उधर शामिल होने की मांग ? इस तरह की बहस से कोई मतलब नहीं है। ये सब बेमानी है। धरने हो रहे है। इसकी जरूरत नहीं है। जनभावना के अनुसार ही जिले का सीमांकन होगा। जो लोग एडीएम के क्षेत्राधिकार को जिले से जोड़कर देख रहे हैं। वह उनकी भूल है।

12वीं विज्ञान में 92 फीसदी अंक प्राप्त मीनाक्षी का सम्मान

पुष्कर, (निस)। कहते है प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नही होती इसी बात को पुष्कर भाजपा नेता मधुसूधन पाराशर की पुत्री मीनाक्षी पाराशर ने चरितार्थ कर बताया है।

मीनाक्षी राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की और से घोषित बारहवीं विज्ञान में 92 फीसदी अंक प्राप्त कर पुष्कर में टॉपर रही और पुष्कर के पाराशर समाज में खुशी की लहर छा गई और बधाईयो का तांता लग गया। वही पाराशर समाज के गणमान्य लोगो ने मीनाक्षी पाराशर का माला पहनाकर सम्मान कर उज्जवल भविष्य की कामना की। अखिल भारतीय पाराशर ब्रह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राजस्थान ब्रहमान महासभा के कार्यकारणी सदस्य अरुण बाबू पाराशर, राजस्थान ब्रह्मण महासभा के पुष्कर के अध्यक्ष पूर्व पालिकाध्यक्ष सूरज नारायण पाराशर, राजस्थान ब्रह्मण महासभा पुष्कर के महामंत्री अनिल सर, शिक्षाविद् ठाकुर प्रसाद पाराशर, सेवानिर्वत प्रधानाचार्य कृष्ण गोपाल पाराशर, राजकुमार पाराशर, केशव पाठक ने मीनाक्षी पाराशर का माला पहनाकर सम्मान किया।

मीनाक्षी पाराशर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय पुष्कर की छात्रा मीनाक्षी पाराशर ने नियमित अध्ययन करते हुए कड़ी मेहनत से जीव विज्ञान में 100 में से 99 ,रसायन विज्ञान में 96 और भौतिक विज्ञान में 93 अंक अर्जित किये । इसके अलावा अनिवार्य विषय हिन्दी मे 91 और अंग्रेजी में 81 अंक अर्जित किये।

मीनाक्षी ने बताया कि वह नीट परीक्षा पास कर डाक्टर बनना चाहती है। जिससे लोगों की सेवा की जा सके। मीनाक्षी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता मधुसूधन पाराशर, माता रचना पाराशर, स्कूल के गुरुजनों को दिया । बालिका को पढ़ाने में फियौर दी लोटो संस्थान के अध्यक्ष दीपू महर्षि , मारा सांद्रे का भारी सहयोग है।

श्रुत पंचमी का पर्व मनाया

अजमेर, (कासं)। दिगंबर जैन समाज में श्रुत पंचमी का पर्व पूरे भारत में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया इसी क्रम में आज अजमेर में भी जिनशासन तीर्थ नाका मदार में विराजित मुनि श्रद्धानंद जी महाराज एवं पवित्र आनंद जी महाराज के सानिध्य में भारतीय जैन मिलन संस्था के द्वारा श्रुत पंचमी का पर्व मनाया गया ।संस्था के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश जैन पाटनी ने बताया इस अवसर पर मुनि श्रद्धानंद जी महाराज ने आज के दिन के महत्व को समझाया । इस अवसर पर महाराज श्री ने कहा की जैन धर्म में देव शास्त्र गुरु पूजा ही सच्ची पूजा है, जैन लोग भगवान की पूजा करते हैं, साधु संतो की सेवा करते हैं परंतु मां जिनवाणी के प्रति सच्ची श्रद्धा नजर नहीं आ रही है।

नगदी व जेवरात चुराए

सरवाड़, (निसं)। बीती रात अज्ञात चोर गिरोह मकान में दीवार फांद कर अलमारी का ताला तोड़कर में रखी नगदी व जेवरात चुरा कर ले गया। बोकडान् मोहल्ला निवासी आरिफ पुत्र बदरुद्दीन अगवान के घर चोरों ने दस्तक दी घर के सभी सदस्य अपने-अपने कमरों में सोए हुए थे अज्ञात चोरों ने दीवार फांद कर घर में प्रवेश किया कमरे को बाहर से बंद कर चोरी को अंजाम दिया। अलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण व करीब पचास हजार की नकदी लेकर फरार हो गए। रात्रि 3 बजे अचानक घर वालों की नींद खुली तो देखा तो अलमारी खुली हुई पड़ी सामान बिखरा हुआ था जिस पर उन्हें अनहोनी की आशंका हुई जब घर वालों ने अलमारी की तलाशी ली तो नगदी व जेवरात गायब मिले अज्ञात चोरों ने छत पर जाकर जेवरात रखे डिब्बों को खाली करके फेंक गए इस पर परिजनों ने थाने में रिपोर्ट दी। पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की शहर में लगातार चोरियों से लोगों में दहशत व्याप्त है।

षड़यंत्रपूर्वक जमीन बेचने का मामला, न्यायालय के आदेश से थाने में दर्ज

मसूदा, (कासं)। मसूदा में भूमाफिया किस प्रकार सक्रिय है इसका अत्यंत ताजा एवं महत्वपूर्ण उदाहरण हाल ही में एक गरीब अनुसूचित जाति के व्यक्ति की जमीन को भू माफियाओं द्वारा षडयंत्र पूर्वक बेचान कर देने से सामने आया है।

मामले से जुड़े तथ्यों के अनुसार मसूदा निवासी प्रभु लाल रेगर की भूमि को कथित भूमाफिया ने षडयंत्र पूर्वक बेचान कर दी। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित प्रभुलाल रेगर पुत्र बिरदा रेगर ने न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम वर्ग मसूदा में फौजदारी परिवाद पेश किया। पीड़ित परिवादी द्वारा न्यायालय में पेश किए परिवाद में बताया कि परिवादी की 42 वर्ष पूर्व खरीद सुदा भूमि को भू माफिया ने कूट रचित दस्तावेज के द्वारा षडयंत्र पूर्वक बेच दिया। इस मामले का अत्यन्त आश्चर्यजनक गंभीर विचारणीय बिंदु तो यह है कि कूट रचित दस्तावेज के द्वारा अनुसूचित जाति के इस गरीब पीड़ित की भूमि को बेचने वाले इन 17 भू माफियाओं में मसूदा ब्यावर अजमेर एवं पाली तक के आरोपी शामिल है। यद्यपि यह एक अलग बात है कि पीड़ित परिवादी द्वारा न्यायालय में पेश परिवाद में किसी भी प्रभावशाली अन्य व्यक्ति का नाम अंकित नहीं किया है तथापि सूत्रों की माने तो इस मामले में किसी ऊंचे रसूखात वाले ऐसे व्यक्ति के भी शामिल होने की आशंका व्यक्त की जा रही है जिसके द्वारा अपने धन बल के साथ ही प्राप्त राजनीतिक पहुँच के द्वारा इन भू माफियाओं को दिए गए संरक्षण के चलते भू माफियों ने इस प्रकार की हिम्मत जुटा ली। ङ्बहरहाल मसूदा पुलिस ने माननीय न्यायालय के आदेश पर 17 आरोपीगणों के खिलाफ एस सी एसटी एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर जाँच पुलिस उप अधीक्षक ईश्वर सिंह द्वारा की जा रही है।

मसूदा उपखंड अधिकारी उप जिला मजिस्ट्रेट भरत राज गुर्जर ने पीड़ित की जमीन के नामांतरण पर रोक लगाने के दिए आदेश।गरीब अनुसूचित जाति के वृद्ध की जमीन को षडयंत्र पूर्वक बेचने के मामले में जहां एक और फौजदारी मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

वही दूसरी ओर पीड़ित की उसकी षडयंत्र पूर्वक बेची गई जमीन के नामांतरण पर रोक लगाने सम्बन्धी पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई करते हुए मसूदा उपखंड अधिकारी एवं उपजिला मजिस्ट्रेट भरत राज गुर्जर ने तहसीलदार मसूदा को संबंधित भूमि के नामांतरण पर रोक लगाने संबंधी आदेश दिए है। उपखंड अधिकारी एवं उप जिला मजिस्ट्रेट भरत राज गुर्जर द्वारा जारी आदेशों के अनुसार प्रार्थी प्रभुलाल पुत्र बिरदा जाति रेगर निवासी रेगरान मोहल्ला मसूदा ने एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर ग्राम मसूदा द्वितीय के खाता संख्या 110 खसरा न. 953 मि. 10-1500 बीघा व 953 मि. 02-00-00 बीघा कुल 12-15-00 बीघा भूमि प्रार्थी एवं उसके भाई मिश्रीलाल पुत्र बिरदा ने दिनांक 02.05.1981 को घीसा पुत्र रूपा व पूना पुत्र रूपा समस्त जाति मेहरात निवासी चांग बाड़िया जगमालपुरा हाल निवासी मसूदा से खरीद की थी एवं कब्जा भी प्रार्थी को संभला दिया गया था। किन्तु प्रार्थी की खरीदशुदा भूमि को कुछ भूमाफियाओं ने कब्जा कर अन्यत्र बेचान कर दी है। प्रार्थी द्वारा उक्त भूमि के नामान्तरकरण को रूकवाये जाने बाबत निवेदन किया है। प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों के जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के दिएआदेशों केअनुपालना में मसूदा तहसीलदार ओम सिंह लखावत ने हल्का पटवारी मसूदा प्रथम को आदेश जारी कर जाँच रिपोर्ट पेश करने एवं जाँच रिपोर्ट से पूर्व संबंधित भूमि के नामांतरण कार्यवाही नहीँ करने के आदेश दिए है।

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नियमन/23-24/245 दिनांक: 24/05/2023

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि धीरज चौहान पुत्र श्री प्रेम चौहान निवासी लोकाशाह नगर, ब्यावर ने राजस्व ग्राम नयानगर के खसरा नम्बर 1915 में स्थित शिव कॉलोनी के भूखण्ड संख्या 86 क्षेत्रफल 242.50 गज भूमि के आवासीय फ्री होल्ड पट्टा विलेख प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अत एका प्रकरण में तकनीकी अधिकारियों की रिपोर्टनुसार स्वीकृत लेआउट अनुसार खण्ड का क्षेत्रफल 125.83 वर्गगज एवं मौका रिपोर्ट अनुसार 176.23 वर्ग प्राप्त हो रहा है। प्रकरण में राज्य सरकार नगरीय विकास विभाग के पत्र क्रमांक17(1)नविवि/अभियान/2021 दिनांक 20.09.2021 के आदेश के अनुसार अधिक भूमि की राशि राजकीय भूमि की दर से लिये जाने के आदेश प्रसारित है जिसके अन्तर्गत प्रार्थी को भूखण्ड संख्या 6 क्षेत्रफल 17623 वर्गगज अधिक भूमि का पट्टा विलेख दिया जाना है इस बाबद किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर-भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा बाद मियाद आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

सीमायें (मौका रिपोर्ट के अनुसार)

पूर्व- प्लॉट नं. 87, 88 व 89 पश्चिम - प्लॉट नं. 85

उत्तर - रोड सेन्टर से 65 फीट दक्षिण - अन्य की भूमि

आयुक्त नगर परिषद, ब्यावर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति के मूल दस्तावेज गुम हो जाने पर फ्री होल्ड पट्टा जारी करने के क्रम में आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर की कोटड़ा योजना में स्थित भूखण्ड संख्या 654 श्री सुरेश चंद सिंहल पुत्र श्री राधेश्याम सिंहल को आवंटित किया गया। जिसका पट्टा क्रमांक 9094 दिनांक 14.01.2004 को जारी किया गया। मूल आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर श्री ढगल चंद जैंवडा पुत्र स्व. श्री रंगलाल जैंवडा को कर दिया है। श्री ढगल चंद जैंवडा पुत्र स्व. श्री रंगलाल जैंवडा की मृत्यु के उपरान्त अन्य वारिसानों द्वारा श्रीमती पुष्पा जैंवडा के पक्ष में पंजीकृत हक त्याग पत्र निष्पादित किया गया। पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्रीमती पुष्पा जैंवडा के पक्ष में किया जा चुका है। श्रीमती पुष्पा जैंवडा पत्नि स्व. श्री ढगल चंद जैंवडा द्वारा शपथ पत्र व गुमशुदगी रिपोर्ट प्रस्तुत कर अवगत कराया कि मूल पट्टा गुम हो गया है। अतः भूखण्ड संख्या 654 योजना कोटड़ा का लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा श्रीमती पुष्पा जैंवडा पत्नि ढगल चंद जैंवडा के पक्ष में जारी किये जाने से किसी को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें। उक्त नियत अवधि के पश्चात् आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं लीज होल्ड से फ्री होल्ड का पट्टा जारी कर दिया जावेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं की होगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

प्राधिकृत नगर पालिका गुलाबपुरा जिला भीलवाडा (राज.)

प्रारुप-10

(नियम 6(7) देखिए)

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय, नगर परिषद गुलाबपुरा

सं. 183-186 दिनांक : 23-05-23

लोक सूचना

श्री करतार सिह पुत्र श्री गंगा सिंह राठौड एंव श्री राजकुमार पुत्र भंवर लाल बाहेती निवासी गुलाबपुरा तहसील हुरडा जिला भीलवाडा ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

जिले सहित	तहसील का नाम	ग्राम का नाम खसरा सं.	क्षेत्र
राजस्व ग्राम गुलाबपुरा-द्वितीय	हुरडा	राजस्व ग्राम गुलाबपुरा-द्वितीय के खसरा संख्या -5372/5022, 5374/5035 एंव 5366/5023	कुल क्षेत्रफल 1.2461 हैक्टेयर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान - राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 23/05/23 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी) नगरपालिका गुलाबपुरा